आईआईएमः डिजिटल हेल्थ में दिया जाएगा पीजी सर्टिफिकेट

डॉ. आशीष को दिया जाएगा डायरेक्टर सर्टिफिकेट

सिटी रिपोर्टर. रायपुर

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर में डिजिटल हेल्थ प्रोग्राम के पहले बैच को पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इसके लिए शनिवार को दीक्षांत समारोह (ग्रेजुएशन सेरेमनी) का आयोजन किया जा रहा है। आईआईएम में पहली बार किसी कोर्स के पूरा होने पर अलग से दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। वहीं देश में डिजिटल हेल्थ पर अपनी तरह का यह पहला कोर्स है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के ड्रग कंट्रोलर डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान 41 स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इसके साथ ही टॉप स्कोरर रहे डॉ. आशीष कुमार गुप्ता को डायरेक्टर सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जाएगा। फर्स्ट बैच के 41 में से 29 स्टूडेंट्स ने एमबीबीएस, बीडीएस और बीएचएमएस की पढ़ाई की है। समारोह आईआईएम कैंपस में शाम 4 बजे से आयोजित है। समारोह में सभी स्टूडेंट्स क्रीम व्हाइट कलर की ड्रेस में नजर आएंगे। वहीं गोल्डन स्टॉल भी साथ रखेंगे।

देश में डिजिटल हेल्थ पर अपनी तरह का पहला कोर्स

आईआईएम रायपुर में संचालित डिजिटल हेल्थ कोर्स देश में अपनी तरह का पहला कोर्स है। इस कोर्स के जरिए डिजिटल हेल्थ के बारे में बताया जाता है। आज सभी चीजें अब डिजिटल हो रही है। मेडिसीन, ऑपरेशन में भी टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है। कोर्स के माध्यम से मेडिकल फील्ड के लोगों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के यूजेज सहित कैसे इफेक्टिव मेडिसिन के साथ मल्टी-पेशेंट को देखा जा सकता है, किस तरह से मैनेजमेंट किया जाना चाहिए जैसी जानकारी दी जाती है। एक साल के कोर्स में डॉक्टर, हेल्थ बैकग्राउंड एक्सपीरियंस होने पर एडमिशन दिया जाता है।

20-July, 2024, Deinik Bhaskar P.04(City Bhaskar)